अधिकतम तापमान 31.00° » न्यूनतम तापमान 25.00° » सूर्योदय 05:32 » सूर्यास्त 19:19 » डॉलर 86.52 » यूरो 101.50 »

छोटीबड़ीबात
आज ही के दिन 1999 में कारगिल युद्ध में भारत ने पाकिस्तान पर विजय प्राप्त की थी, यह दिन विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है
dainikbhaskarup.com bhaskardigital.com
क्यूआर कोड स्कैन कर पढ़ें ताजा खबरें

देश का विश्वसनीय अखबार
दैनिक भास्कर
नोएडा। वर्ष-16, अंक-40। शनिवार, 26 जुलाई 2025। कुल पृष्ठ 22। मूल्य 6.00 रूपये
झांसी, नोएडा, लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित

# द्वारका एक्सप्रेसवे बना दिल्ली-NCR का रियल्टी हॉटस्पॉट

**भास्कर समाचार सेवा**

नई दिल्ली। पिछले 5 सालों में द्वारका एक्सप्रेसवे पर प्रॉपर्टी की कीमतों में 153% की तेज बढ़ोतरी दर्ज हुई है। मैजिकब्रिक्स के अनुसार, यहां हाई-राइज अपार्टमेंट्स की औसत कीमत ₹14,342 प्रति वर्गफुट तक पहुंच गई है। मेट्रो, टनल, IGI एयरपोर्ट कनेक्टिविटी और ब्रांडेड डेवलपर्स की मौजूदगी ने इसे होम बायर्स व निवेशकों के लिए पसंदीदा बना दिया है। 16 लेन का यह ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे गुरुग्राम और दिल्ली को जोड़ता है। 5.1 किमी लंबी ड्यूल टनल, 28.5 किमी मेट्रो लिंक और नई टनल प्रोजेक्ट इसके भविष्य को और उज्जवल बना रहे हैं।



एआईपीएल के डायरेक्टर ईशान सिंह कहते हैं द्वारका एक्सप्रेसवे ने एनसीआर की रियल एस्टेट इंडस्ट्री की दिशा ही बदल दी है। जिस तेजी से यहां प्रॉपर्टी की कीमतों में 153% तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, वह इस क्षेत्र की मजबूत संभावनाओं और भरोसे को दशार्ता है। यह न सिर्फ एक इनवेस्टमेंट डेस्टिनेशन बन चुका है, बल्कि आज यहां रहने की सोच रखने वालों के लिए भी यह एक परफेक्ट चॉइस बन गया है। डॉ. विशेष रावत, वाइस प्रेसिडेंट हेड मार्केटिंग, सेल्स & सीआरएम, एम2के ग्रुप कहते हैं, "द्वारका एक्सप्रेसवे के इर्द-गिर्द एक नया, सुव्यवस्थित और आधुनिक शहर आकार ले रहा है। द्वारका एक्सप्रेसवे सेक्टर 104 जैसे लोकेशन, जो इस एक्सप्रेसवे से सीधे जुड़े हुए हैं।

अब होम बायर्स और निवेशकों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। यहां की योजनाबद्ध विकास प्रक्रिया, नामी डेवलपर्स की मौजूदगी और सरकार की ओर से हो रहे भारी इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश ने इस क्षेत्र को निवेश के लिहाज से बेहद आकर्षक बना दिया है। चिंतामणि ग्रुप के डायरेक्टर, विकास दुआ का कहना है कि द्वारका एक्सप्रेसवे के आसपास अब एक पूरी नई सिटी का निर्माण हो रहा है। यहां की प्लांड ग्रोथ, ब्रांडेड डेवलपर्स की एंट्री और सरकार द्वारा किए जा रहे इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट इसे एक परफेक्ट इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन बनाते हैं।